Greenlawns School , Worli

प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२४-२५)

कक्षा - पाँचवी पूर्णांक - ८०

दिनांक - २६-९-२०२४ विषय - हिंदी समय - २ घंटे

सूचना:-सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।

विभाग 'अ' (अंक - ४०)

भाषा-विभाग

प्रश्न १] निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- (१०)

i) वर्षा ऋतु

ii) गणेशोत्सव

iii) मेरा शहर

प्रश्न २] निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए :- (७)

एक बंदर ------ नदी किनारे खेलना ------ मगर का उसे पकड़ना ---- बंदर का मगर की इच्छा पूछना ---- मगर का कलेजा खाने की इच्छा ----- बंदर का कलेजा पेड़ पर रख आने की बात कहना ------ मूर्ख मगर का उसे किनारे तक लाना ----- बंदर का बचना ---- सीख ।

प्रश्न ३] निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

बहुत समय पहले चीन में 'ली' और 'चेन' नाम के दो भाई रहते थे। दोनों भाई बहुत गरीब किसान थे। वे अपना सारा समय खेत में जमीन जोतने और सब्जियाँ उगाने में लगा देते थे । एक दिन, जब 'ली' कुदाल से जमीन खोद रहा था, तो कुदाल की चोट एक धातु के बरतन पर पड़ी । 'ली' और 'चेन' ने बरतन को जमीन से बाहर निकाला और खोला। उन्हें यह देखकर आश्चर्य हुआ कि वह घड़ा चमचमाते सोने के सिक्कों से भरा हुआ था। अचानक, एक बूढ़ा आदमी प्रकट हुआ और बोला, "यह सोने का एक जादुई बरतन है। इसका समझदारी से उपयोग करना"। फिर, बूढ़ा आदमी हवा में गायब हो गया। 'ली' कुछ सोने के सिक्के गाँव के गरीब लोगों में दान करना चाहता था, लेकिन 'चेन' की कुछ और ही योजना थी। उसने सोने के सिक्के का उपयोग कुछ सुंदर कपडे, भोजन और एक बड़ी हवेली खरीदने के लिए किया। इस तरह 'चेन' ने अपने ऊपर काफी पैसा खर्च किया । अंत में, बरतन में केवल एक सोने का सिक्का बचा था।"यह कोई जादू का बरतन नहीं है," चेन ने शिकायत की, "देखो! हमारे सोने के सिक्के ख़त्म हो गए हैं।" 'ली' ने आखरी सोने के सिक्के की ओर देखा। उसने उसे उठाकर एक गरीब भिखारी को दिया। तभी, कुछ जादुई घटित हुआ। खाली घड़ा फिर से सोने के सिक्कों से भर गया। दोनों भाई आश्चर्यचकित रह गए । उन्हें एहसास हुआ कि पैसे को केवल अपने लिए इस्तेमाल करने से बेहतर है कि गरीबों को दान कर दिया जाए।

प्रश्न:-

i)चीन में रहनेवाले दोनों भाइयों के नाम लिखिए और वे कौनसे दो काम करते थे ? (२)

ii) कुदाल की चोट किस पर पड़ी और दोनों भाइयों को क्या देखकर आश्चर्य हुआ ? (२)

iii) अचानक कौन प्रकट हुआ और उसने क्या बोला ? (२)

iv) 'चेन' ने सोने के सिक्के का उपयोग कहाँ किया ? (२)

v) एक सोने का सिक्का किसे दिया और उसके बाद क्या घटित हुआ ? (२)

व्याकरण - विभाग

प्रश्न ४] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-

i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए - (२)

1) तालाब - 2) कृष्ण -

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (२)

1) धरती 2) पाप -

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)

1) आवेदन करने वाले -

2) दूर की बात सोचने वाला -

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :- कोई (२) (३)

1) गले का हार - 2) कान खोल कर सुनना - 3) अंग-अंग मुसकराना -

v) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए - (२)

1) पिताजी आपसे मिलने कोई आया है ।

2) आप क्या खाएँगे ?

vi)निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित विशेषण शब्दों के भेद लिखिए - (२)

1) छोटा बालक सो रहा है ।

2)हमने बाजार से कुछ सब्जियाँ खरीदीं।

विभाग 'ब' (अंक - ४०)

साहित्य -विभाग

प्रश्न ५ – क] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (१२)

i) शत्रु पक्ष की ओर देखकर अर्जुन ने क्या कहा ? मोहभंग होने पर अर्जुन ने क्या किया ?

ii) 'आगे कुआँ पीछे खाई का ' क्या आशय है ? गौरैया कौन से संकट में फँस गई थी ?

iii) कलाकार क्या करता था ? इस पाठ से आपको क्या सीख मिलती है ?

iv) तोता कैसे मरा ? अपने शब्दों में बताइए ।

ख] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :- (३)

i) परीक्षा फल आने के बाद लेखक कहाँ पहुँचा ?

ii) मंजरी की आयु कितनी थी ?

iii) गौरैया ने अपना घोंसला कहाँ बनाया ?

ग] रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए :- (३)

i) जो ----------------- यह नहीं करता उसकी सर्वत्र निंदा होती है ।

ii) खाना खाते - खाते उसने कई लोगों से ----------------- भी कर ली ।

iii) अब वह पूरी तरह ----------------- होकर मेरे हाथों में पड़ा हुआ था ।

घ] किसने - किससे कहा लिखिए :- (३)

i) " मैं यह युद्ध नहीं करूँगा ।"

ii) " दो दिन बाद तुम्हारा जन्मदिन है ना ?"

iii) "वह किसी फल की इच्छा नहीं करता ।"

ङ] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (४)

i) किंकर्तव्यविमूढ़ -

a)योग्य b)ऊब c)अवाक् d)फैलाना

ii) दावत -

a) उपहार b)भोजन का उत्सव c)तोहफा d)नमकीन

iii) ढाँढ़स -

a)सांत्वना b)रुकना c)चंचल d)हमला

iv)रक्तपात -

a)डरपोक b)छोड़ना c)लड़ाई d)खून - खराबा

<u>कविता - विभाग</u>

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :- (६)

i) 'इतने ऊँचे उठो' इस कविता से क्या सीख मिलती है ?

ii) हमें किन्हें नहीं भूलना चाहिए और कब ?

आ] एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (२)

i) गीत गाने से क्या होगा ?

ii) किस पर विष का असर नहीं होता है ?

इ] निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (४)

इतने -----------------------------------

------------------------------------जाए । P.T.O

ई] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (३)

i)गोय -

a)श्रेष्ठ b)कोई c)छिपाना d)साँप

ii)कीर्ति -

a)यश b)अपयश c)हार d)कुप्रसिद्ध

iii)जड़मति -

a)बुद्धिमान b)चतुर c)विद्वान d)मूर्ख

समाप्त